# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 30.05.2026 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा – देश में संविधान और पारदर्शी दिशा–निर्देशों के अनुरूप ही कराए जाते हैं चुनाव।
2. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भोजपुरी, मैथिली और अंगिका जैसी भाषाओं के सम्मान पर दिया जोर, कहा – जिन जिलों में जनजातीय भाषा बोलने वाले नहीं, वहां उसे अनिवार्य करना गलत।
3. उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए विद्यार्थी पहली जून से कर सकेंगे आवेदन, सीबीएसई का रिजल्ट्स के बाद प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने के लिए नया पोर्टल पहली जून से होगा शुरू।
4. मौसम विभाग ने रांची, बोकारो और धनबाद सहित राज्य के 11 जिलों में कल बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं की जताई आशंका, लोगों से सतर्क रहने की अपील।

और

5. झारखंड प्रीमियर लीग के लिए जमशेदपुर में खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया पूरी, आईपीएल की तर्ज पर 10 जून से रांची में खेले जाएंगे 28 मुकाबले।

********************

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत में चुनाव संविधान, चुनावी कानून और निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पारदर्शी दिशा–निर्देशों के अनुसार ही कराए जाते हैं। नई दिल्ली स्थित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान में निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में श्री कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनावों के दौरान पारदर्शिता, जवाबदेही और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए लगभग एक करोड़ 8 लाख कर्मियों को तैनात किया जाता है।

********************

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि राज्य के कई जिलों में भोजपुरी, मैथिली और अंगिका जैसी भाषाएं व्यापक रूप से बोली जाती हैं, जिनका सम्मान किया जाना चाहिए। आज धनबाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में जनजातीय भाषा बोलने वाले नहीं हैं, वहां उसे अनिवार्य करना तर्कसंगत नहीं है।

********************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड – सीबीएसई ने कहा है कि उसका पोस्ट रिजल्ट एक्टिविटी पोर्टल सोमवार पहली जून से सक्रिय हो जायेगा। आवेदन करने के इच्छुक विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए यह पोर्टल शुरू किया जा रहा है।

********************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए ने बताया है कि उसके साझेदार टीसीएस की तकनीकी खराबी के कारण आज कुछ परीक्षा केंद्रों पर संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा– सीयूईटी–यूजी–2026 की शुरुआत देरी से शुरू हुई। एनटीए ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि समस्या का समाधान हो गया है और यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी भी छात्र को असुविधा न हो, परीक्षा पूर्ण समय सीमा के साथ आयोजित की गई।

********************

धनबाद में आज श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। सहायक नियोजन पदाधिकारी पदमा कुमारी ने बताया कि रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

********************

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 के परिणामों के संबंध में भ्रामक विज्ञापन देने के लिए एक निजी कोचिंग सेंटर पर सात लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण ने अब तक कोचिंग संस्थानों को 60 से अधिक नोटिस जारी किए हैं और एक करोड़ 46 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

********************

रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने आज नगड़ी स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, रख–रखाव और तकनीकी प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के खूंटपानी प्रखंड मुख्यालय से आज महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' नामक एक जागरूकता रथ को रवाना किया गया। जिले के उप विकास आयुक्त उत्कर्ष कुमार ने इसे हरी झंडी दिखाई।

********************

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कल रांची के नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों और नशामुक्त समाज के निर्माण पर चर्चा की जाएगी।

********************

पलामू जिले से पुलिस ने बच्चे के गले से सोने का लॉकेट काटने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस उपाधीक्षक राजेश यादव ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि इन अपराधियों ने पिछले दिनों एक मोटरसाइकिल पर बैठी बच्ची के गले से सोने का लॉकेट काट लिया था।

********************

मौसम विभाग ने रांची, बोकारो, लोहरदगा, गुमला और धनबाद समेत 11 जिलों में कल गर्जन के साथ बारिश, वज्रपात और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। विभाग ने वरीय वैज्ञानिक ने बताया है कि इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

********************

रांची विश्वविद्यालय के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पांच मई से आयोजित 21 दिवसीय योग शिविर का आज समापन हो गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण संकाय के अध्यक्ष डॉ. सुदेश साहू ने योग को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास का सशक्त साधन बताया।

********************

आईपीएल की तर्ज पर झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन ने झारखंड प्रीमियर लीग की शुरुआत कर दी है। जमशेदपुर में आयोजित खिलाड़ियों की नीलामी में करीब 126 खिलाड़ी शामिल हुए। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि लीग की शुरुआत 10 जून से शुरू होगी। इस दौरान 28 मैच खेले जाएंगे।

********समाप्त********